राइसूप्रौसं NIELIT

**NIELIT Patna Centre, Near IIT Main Gate, Amhara, Bihta, Patna**

## सचिवालय सहायकों ,पर्यवेक्षकों संवर्गों एवं समूह 'ग' के सरकारी कर्मचारियों हेतु कम्प्युटर सक्षमता जांच परीक्षा के संबंध में|

1. राज्य सरकार के अंतर्गत कार्यरत सचिवालय सहायकों पर्यवेक्षकीय संवर्गों एवं समूह 'ग' के सभी कर्मियों को कम्प्यूटर सक्षमता हासिल करने के उद्देश्य से बिहार सरकार सेवक (संपुष्टि के लिये सक्षमता ) नियमावली 2011 में निहित प्रावधान के अंतर्गत NIELIT की "कोर्स ऑन कम्प्यूटर एप्लिकेशन एंड कॉन्सेप्ट्स" (CCAC) पाठ्यक्रम में उत्तीर्णता का प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा , इस हेतु प्रशिक्षण एवं परीक्षा का आयोजन NIELIT पटना केंद्र द्वारा सूचना प्रावैधिकी विभाग बिहार सरकार के दिशा निर्देश में किया जा रहा है । प्रशिक्षण के उपरांत सक्षमता जॉच हेतु CCAC ऑनलाइन परीक्षा **Dec,2018** में आयोजित की जा रही है । परीक्षा का विवरण निम्नवत है - **(Training Mode)**

| | |
|---|---|
| **परीक्षा प्रारम्भ तिथि** | **15.12.2018 दिन शनिवार** |
| **परीक्षा हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि** | **06.12.2018 दिन गुरुवार** |
| **परीक्षा शुल्क** | प्रथम दो प्रयासों हेतु परीक्षा शुल्क देय नहीं है \| इसके पश्चात रू 236/- परीक्षा शुल्क देय होगा । |

परीक्षा हेतु आवेदन परीक्षार्थी के प्रशिक्षण केंद्र से ऑनलाइनहोगा तथा केवल वह परीक्षार्थी हीं परीक्षा हेतु आवेदन कर सकेंगें जिनकी उपस्थिति 75% या अधिक होगी ।प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों के लिए **"Form A"**भरना है एवं प्रशिक्षण केंद्र पर जमा करना है|

2. जो कर्मी उपरोक्त प्रशिक्षण न लेकर सीधे (Direct) परीक्षा में बैठना चाहते हैं वह भी निर्धारित शुल्क देकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं । सीधे (Direct) परीक्षा में आवेदन करने वालों के लिए **"Form B"**भरना अनिवार्य है| परीक्षा का विवरण निम्नवत है - (**Direct Mode**)

| | |
|---|---|
| **परीक्षा प्रारम्भ तिथि** | **15.12.2018 दिन शनिवार** |
| **परीक्षा सह निबंधन फार्म-B जमा करने की अंतिम तिथि** | **06.12.2018 दिन गुरुवार** |
| **परीक्षा शुल्क** | रू 1180/- (नये आवेदन हेतु) |

परीक्षा में एक बार असफल हो चुके परीक्षार्थियों को पुन : परीक्षा हेतु कोई शुल्क देय नहीं है परन्तु दो या दो से अधिक बार असफल हो चुके परीक्षार्थियोंपरीक्षा हेतु रू 236/- का ड्राफ्ट भी देना होगा | **प्रथम प्रयास में असफल अथवा अनुपस्थित परीक्षार्थियों को "Form C" भरना अनिवार्य है ।** वह अपने रजिस्ट्रेशन संख्या के आधार पर अपने जिले के प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से या सीधे NIELIT Patna केंद्र मे पुन: आवेदन कर सकते हैं ।

सीधे परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा -सह-निबन्धन फार्म वेबसाइट http://nielit.gov.in/patna/ पर उपलब्ध है तथा भरे हुए फार्म , कर्मी के वर्तमान Posting Place वाले जिले के प्रशिक्षण केन्द्र में अथेवा NIELIT पटना केंद्र में जमा करना होगा । उपरोक्त फार्म के साथ **NIELIT Patna Centre**के पक्ष में तथा पटना में देय रू 1180 /- का बैंक ड्राफ्ट भी संलग्ण करना होगा ।

3. सीधे परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा -सह-निबन्धन फार्म हमारे वेबसाइट http://nielit.gov.in/patna/पर उपलब्ध हैं। हमारे वेबसाइट से Direct candidate form को Online Apply भी कर सकते हैतथा फार्म भरने के पश्चात् उसकी ऑन लाइन प्रविष्टि(Acknowledgement) तथा फॉर्म-B अवश्य **NIELIT Patna Centre, Near IIT Main Gate, Amhara, Bihta Patna-801106** अथवा **NIELIT Patna Centre, 11th Floor, Biscomaun Bhawan, Gandhi Maidan, Patna (केवल Demand Draft के माध्यम से भरे गये फार्म स्विकार्य होंगे)** में जमा करना सुनिश्चित करें । विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र एवं बिना फोटोग्राफ के अपलोड किये हुए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें एवं सम्बंधित कर्मी परीक्षा से वंचित हो सकते हैं ।
4. परीक्षा की अवधि 90 मिनट की होगी। परीक्षा में कुल 100 वस्तुनिष्ठ(Objective) प्रश्न होंगें तथा इस परीक्षा में Negative Marking नहीं हैं ।
5. किसी भी जिले में परीक्षा केंद्र स्थापित तभी किया जासकता है , जब उस जिले में न्यूनतम 40 नये प्रशिक्षणार्थी उपलब्ध होंगे । ( Subject to the availability of proper infrastructure in concerned districts.)
6. **परीक्षा का फॉर्म दिनाक - 06.12.2018 दिन गुरुवार के बाद किसी भी प्रकार से जमा नहीं लिया जाएगा।**
7. अधिक जानकारी हेतु http://nielit.gov.in/patna/ पर जाएं अथवा 0612-2219134/ 9661080122 पर सम्पर्क करें ।

**प्रभारी निदेशक, नाइलेट पटना के आदेशानुसार**